Q-2

GHS PATTANCHERY

PRE- MODEL EXAMINATION 2018

CLASS:10 **HINDI** **TIME:45mints**

MARK:20

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

वे एक दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे। उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे।

"बेला, देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है।" साहिल ने कहा।

"तुमने कुछ सुना बेला?"

"हाँ, सुना। पहली घंटी लग गई है।'

"लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है, दुकान से।"

1. कहानी के मुख्य पात्र कौन-कौन हैं? (1)

2. बच्चे बीरबहूटियों को कब और कहाँ ढूँढ़ते हैं? (2)

3. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)

सूचना कविता **पढें 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें**

ऊपर नील वितान है
पर न प्यार हो तो जग सूना
जलता रेगिस्तान है।
अभी प्यार का जल देना है
हर प्यासी चट्टान को
धरती बांटी, सागर बांटा
मत बांटो इंसान को।

4. इस कवितांश केलिए उचित शीर्षक दें । (1)

5. यह आश्यवाली दो पंक्तियाँ कविता से चुनकर लिखें । (2)

'प्रेम नहीं है तो दुनिया मरुस्थल जैसा शून्य बन जाएगा।'

6. इस कविताँश का आशय लिखें। (3)

सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सूरज जब चौखंभा पर्वत के पीछे से उदय होने लगता है तब जेठ शुरू हो जाता है। पहाड़ की सड़कें गाड़ियों से भर जाती हैं। अपने घर की छत से जब मैं बद्रीनाथ यात्रा-मार्ग की भीड़ देखता हूँ तो भूल जाता हूँ कि महज दो महीने पहले यह घाटी एकदम शांत थी।

7. संबंध पहचानें और सही मिलान करें। (4)

दो महीने पहले	जेठ शुरू हो जाता है।
घर की छत से	गाड़ियों से भर जाती है।
पहाड़ियों की सड़कें	घाटी एकदम शांत थी।
चौखंभा पर्वत के पीछे से सूर्योदय होने लगता है।	मैं भीड़ देखता हूँ।

8. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें। (1)

जेठ शुरू हो जाता है। जेठ शुरू हो जाएगा।

सड़कें गाड़ियों से भर जाती हैं। ....।

९. अपने घर की छत से जब बद्रीनाथ यात्रा मार्ग की भीड़ देखते हैं तो लेखक क्या सोचने लगा ? (2)

****